an>

Title: Regarding death occurred due to high tension wires.

डॉ. महेन्द्र नाथ पाण्डेय (चन्दौली) : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से अत्यंत लोक महत्व का एक विÂाय सरकार के संज्ञान में लाना चाहता हूं। केन्द्र और राज्य सरकारें विद्युत आपूर्ति के लिए हाई-टेंशन तारें विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए एक स्थान से दूसरे स्थानों पर ले जाते हैं। लेकिन, जैसे-जैसे समय बीतता जाता है, उन तारों के नीचे मध्यम वर्ग और गरीब वर्ग के लोग अपनी ज़मीनों पर रहने के लिए आवास बना लेते हैं, क्योंकि उनके पास वही ज़मीन है। वे अपना आवास और कहां बनाएंगे? इस परिस्थिति में कभी-कभी हाई-टेंशन की तारों की दुर्घटना में जान-माल की क्षति होती रहती है। हाई-टेंशन तारों से स्पर्श होने के कारण लोगों की जानें चली जाती हैं। अभी मेरे क्षेत्र चन्दौली के लाखापुर गांव में श्री विजय गोस्वामी की 11,000 वोल्ट के हाई-टेंशन की तार के स्पर्श से मृत्यु हो गयी। उसे अभी कोई सहायता भी नहीं दी गयी है। मैं उसके परिवार के लिए सहायता की भी मांग करता हूं।

महोदय, भारत सरकार ने माननीय मोदी जी के नेतृत्व में गांवों के विद्युतीकरण के लिए बहुत बड़ी राशि 'दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना' के अंतर्गत दिया है। शहरों के लिए सरकार ने 'आई.पी.डी.एस.' के लिए भी बहुत बड़ी राशि दी है। मेरा निवेदन है कि हाई-टेंशन तारों से होने वाली दुर्घटना से मरने वाले लोगों की जिंदगी बचाई जाए। उस परियोजना की गाइडलाइंस में यह निर्देश चला जाए कि अगर जरूरी हो तो इसमें हाई-टेंशन के तारों को भी शिफ्ट करने पर ध्यान दिया जाए, क्योंकि इसमें भारी राशि दी जा रही है।

HON. CHAIRPERSON: Shri Bhairon Prasad Mishra is permitted to associate with the issue raised by Dr. Mahendra Nath Pandey.